दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, सोमवार 01 अप्रैल 2019

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### आपसी विवाद के कारण एक शख्स का गर्दन किया धड़ से अलग, इलाके में फैला तनाव

कांकेर (आरएनएस)। कांकेर जिले के पखांजुर से एक बड़ी खबर प्रकाश में आ रही है। यहां धारदार हथियार से जोरदार वार करते हुए एक व्यक्ति का गर्दन धड़ से अलग कर दिया।जिसके बाद व जमीन पर खून बिखर गया और मृतक का सिर धड़ से लटकने लगा। इलाके में इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार राकेश मंडल पी वी 41 का रहने वाला था। पुरषोत्तम नगर गांव की ही एक महिला के घर गया था. युवक कुर्सी में बैठा ही था कि पीछे से किसी ने धारधार हथियार से गले पर ऐसा हमला किया कि सिर धड़ से अलग हो गया। पुलिस महकमे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर छान-बीन कर रहे हैं।

### युवक को जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। युवक के साथ गाली-गलौज कर हाथ मुक्का व डण्डा एवं राड से मारकर घायल किये जाने की रिपोर्ट उरला थाने में जद्र की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शहीद नगर बीरगांव निवासी सतीश सिन्हा 21 वर्ष पिता संतोष सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि विगत दिन आरोपी मयंक देवांगन पिता स्व.विरेंद्र देवांगन उम्र 23 वर्ष निवासी शहीद नगर बीरगांव उरला ने अपने साथी जयंत देवांगन व फिगेश एवं अनील पाल के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का,डण्डा एवं राड से मारकर चोट पहुचाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506बी,323,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार कार की ठोकर से कार हुआ क्षतिग्रस्त,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर कार से जा रही महिला को ठोकर मार दिया जिससे कार के साईड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्रार्थिया ने घटना की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार डॉ.श्रीमति प्रमिला कुमारी 62वर्ष पति उदयशंकर निवासी कोटा सरस्वतीनगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि श्री शिवम माल के पास से कार से जाते समय तेज रफ्तार अज्ञात कार चालक ने साईड से ठोकर मार दिया जिससे चलते कार क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### पखवाड़े भर और बंद रहेगी जगदलपुर-दुर्ग एक्सप्रेस

जगदलपुर( आरएनएस)। दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस के स्थगन को एक पखवाड़े के लिए फिर बढ़ा दिया गया है। वॉल्टेयर रेलमंडल ने 31 मार्च तक दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस को रद्द किया था। इस स्थगन को आगे बढ़ाते हुए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक फिर स्थगन बढ़ाया गया है। वॉल्टेयर रेलमंडल के प्रवक्ता जयराम बिरलंगी ने बताया कि सुरक्षा कारणों और स्टेशनों के आधुनिकीकरण के चलते 7 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इन ट्रेनों में दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा विशाखापटनम-दिघा एक्सप्रेस, विशाखापटनम-पारादीप एक्सप्रेस, विशाखापटनम-कोरापुट इंटरसिटी एक्सप्रेस को दोनों ओर से वॉल्टेयर रेलमंडल ने रद्द किया है।

### नाई दुकान में युवक के साथ मारपीट,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सेलून में सेविंग करनाने गये युवक को बिना वजह गाली-गलौज कर मारपीट किये कर चोट पहुंचाये जाने एवं सेलून में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गौतमनगर आजाद चौक रायपुर निवासी मोहम्मद समीर कुरैशी 20 वर्ष पिता मोहम्मद चांद कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को लाखेनगर ढाल के पास नाई दुकान में सेविंग बनवाते समय कीटू पटेल एवं उसके साथी ने बेवजह गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर चोट पहुंचाया व सेलून में तोड़ फोड़ किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323,427,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### पत्नी ने पी लिया मिट्टी तेल, पति गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। परित्यक्ता से पांच वर्ष पूर्व मंदिर में शादी रचाने के बाद पिछले कुछ वर्षों से युवक द्वारा महिला एवं उसके दो बच्चों को प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार रामपुर चौकी अंतर्गत खपराभट्ठा कांशीनगर निवासी सुशील देवांगन पिता सीताराम देवांगन 25 वर्ष ने अपने से 15 वर्ष अधिक उम्र की महिला पाली-नोनबिरा निवासी परित्यक्ता कौशिल्या बाई श्रीवास से वर्ष 2012 में विवाह किया था। इसके बाद से महिला की एक पुत्री व पुत्र भी सुशील देवांगन के साथ रहते थे। लेकिन सुशील उन्हें प्रताड़ित करता था। कल पुनः प्रताड़ित किए जाने से तंग आकर महिला ने मिट्टी तेल पी लिया था। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद मोहल्ले के लोगों ने घटना की जानकारी चौकी पुलिस को दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

# छोटे भाई ने की थी मॉडल बड़ी बहन की हत्या



बालोद (आरएनएस)। मॉडल आंचल यादव हत्याकांड मामले में नया मोड़ आ गया है। बहन की अश्लीलता से परेशान होकर भाई सिद्धार्थ यादव ने ही मॉडल आँचल यादव की हत्या की है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी भाई सिद्धार्थ यादव ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

फ़िलहाल पुलिस ने इस मामले का अभी तक खुलासा नहीं किया है। जानकारी मिल रही है कि पुलिस मॉडल आँचल यादव की मर्डर केस का आज देर शाम खुलासा करेगी। मॉडल आंचल यादव हत्याकांड मामले में जहां इस घटना को पूरे 5 दिन होने जा रहे हैं। वहीं पुलिस भी अब आरोपी के बहुत नजदीक नजर आ रही है. जहां जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

सूत्रों की माने तो इस पूरे घटनाक्रम में जहां कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे. कई बड़े लोगों के नाम और कई हाई प्रोफ़ाइल लोगों के नाम सामने आ रहे थे। मगर इस पूरे मामले में अब स्पष्ट होता नजर आ रहा है कि घरेलू आपसी विवाद के चलते ही आंचल की हत्या की गई है। जहां आंचल के कार से लेकर उसके धमतरी के घर से कई अहम सबूत पुलिस को मिले हैं और ये बात से स्पष्ट हो गया है कि आंचल यादव को उसके किसी करीबी ने ही उसकी हत्या की है। वहीं मामले में शक की सुई उसके भाई पर टिकी हुई है।

जहां पुलिस लगातार उसके भाई से पूछताछ कर रही है। यह माना जा रहा है कि आंचल यादव के हाईप्रोफ़ाइल लाइफऔर आदतों से उसका भाई काफी परेशान था। तो दूसरी तरफ उसके फेसबुक में कई तरह के अश्लील फ़ोटो से भी उसकी आंचल से नहीं बनती थी।

सूत्रों की मानें तो आंचल यादव को उसके घर मर ही मारकर धमतरी जगदलपुर हाईवे से लगे बालोदगहन गांव के पास गंगरेल नाले में फेंके जाने की भी सूचना सूत्रों से मिल रही है। अब पुलिस पूरे मामले पर के तह तक पहुंच चुकी है और जल्दी ही इस मामले का खुलासा करेगी।

ज्ञात हो कि आंचल यादव की हत्याकांड का मामला बीते मंगलवार का है। गुरूर थाना क्षेत्र के धानापुरी गांव के पास गंगरेल सिंचाई नहर में आँचल यादव का शव रस्सी से बंधा हुआ मिला था। आज देर शाम तक पुलिस मॉडल आँचल यादव मर्डर केस का विस्तृत खुलासा करने वाली है।

## छत्तीसगढ़ को भारत की अगली एफबीबी कलर्स फेमिना मिस इंडिया 2019 की तलाश

**एफबीबी कलर्स फेमिना मिस इंडिया 2019 का छत्तीसगढ़ ऑडिशन 5 अप्रैल को रायपुर में**

रायपुर (आरएनएस)। ग्लैमर और फैशन उद्योग में प्रतीक बन चुकी, युवा प्रतिभाशाली महिलाओं का जीवन बदलने की विरासत के साथ,एफबीबी कलर्स फेमिना मिस इंडिया 2019 को पावर्ड बाय सेफोरा और रजनीगंधापर्ल्स, अपनी परंपरा को जारी रखने का वादा करता है, जो पूरे मनोयोग से नई पीढ़ी की ऐसी महिलाओं,जो भविष्य में देश का नेतृत्व और प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखती है को सहयोग देने का लक्ष्य लेकर चलता है। छत्तीसगढ़ ऑडिशंस एफबीबी बिगबाजारस्टोर, अम्बुजा सिटी सेंटर मॉल,रायपुर में आयोजित किए जाएंगे। छह मिस वर्ल्ड के साथ, जिन्होंने वैश्विक मानचित्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज करके भारत को गौरवान्वित किया है। रीताफारिया 1966 ,ऐश्वर्या राय बच्चन ,1994 डायना हेडन ,1997, युक्तामुखी1999, प्रियंका चोपड़ा 2000 और हाल ही में मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड ,2017 जो 17 साल बाद इस प्रतिष्ठित मुकुट को घर वापस लाई, इस मुकुट को ताज की वाहक के लिए खोज अब शुरू हो गई है। इस बार भी,यह सौंदर्य प्रतियोगिता सभी 30 राज्यों ,राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित एक राष्ट्रव्यापी तलाश करने के लिए 30 राज्य प्रतिनिधियों को ताज पहना रही है,जो फिर प्रतिष्ठित मिस इंडिया के ताज के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। छत्तीसगढ़ की शीर्ष 3 लड़कियां 23मार्च को कोलकाता में दवेस्ट में आयोजित होने वाले ईस्टज़ोनलकाउनिंग समारोह में जाएंगी।

## फेक न्यूज को लेकर राज्य सरकार ने गठित की टीम




रायपुर (आरएनएस)। फेक न्यूज को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार ने नियंत्रण एवं मानिटरिंग स्पेशल सेल गठित की है। रायपुर रेंज के आईजी आनंद छाबड़ा की अध्यक्षता में स्टेट लेवल फेक न्यूज नियंत्रण और स्पेशल मॉनिटरिंग सेल की पहली बैठक शनिवार को हुई। जिसमें फेक न्यूज पर कंट्रोल और इसके प्रचार-प्रसार करने वाले के खिलाफ समीक्षा किया गया। फेक न्यूज पर कंट्रोल के लिए रायपुर रेंज के आईजी आनंद छाबड़ा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें समिति के सचिव जनसंपर्क के संयुक्त सचिव उमेश मिश्रा होंगे, वहीं कमेटी मेंबर में स्क आरिफ शेख, शासकीय अधिवक्ता आनंद मोहन ठाकुर, देव सेनापति सीईओ चिप्स, पत्रकार आवेश तिवारी और रश्मि मिश्रा शामिल हैं।

शनिवार को कमेटी की पहली बैठक हुई, जिसमें फेक न्यूज के नियंत्रण पर कड़ी कार्रवाई को लेकर विचार किया गया। वहीं शिकायतों पर कानून कार्यवाही के सरलीकरण पर भी विचार किया गया। शिकायतों के लिए समिति की तरफसे एक ई-मेल आईडी भी जारी किया गया।

## गर्मी का बढ़ता प्रकोप कर सकता है मतदान प्रभावित

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर में आगामी 11 अप्रैल को मतदान संपन्न होना है और यहां पर मौसम भी तेजी से परिवर्तित हो रहा है। ग्रीष्मकाल की तपन बढ़ती ही जा रही है। तापमान के बढ़ने से अब दोपहर में अभी से सड़कें वीरान होने लगी है। मौसम विभाग द्वारा दी जा रही जानकारी में कहा जा रहा है कि बस्तर में तापमान 37 सेग्रे से अधिक हो रहा है। आगे मौसम विभाग का यह भी कहना है कि अप्रैल महीने में तापमान 42 डिग्री सेग्रे से ऊपर तक जा सकता है। इसी कारण 11 अप्रैल को गर्मी के कारण कम मतदान की संभावना खड़ी हो गई है। इससे मतदान प्रभावित हो सकता है।

## आबकारी विभाग ने जब्त की 150 लीटर अवैध शराब और नौ हजार किलो महुआ लाहन

**» पानी पॉउच और पॉलीथिन में भरा मिला शराब**

**» पैकिंग करने का साजो-सामान भी जब्त**



रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निगरानी दलों द्वारा अवैध गतिविधियों और परिवहन पर कड़ी निगरानी रखा जा रही है। इस सिलसिले में आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में आबकारी विभाग को बड़ी कामयाबी मिली है। आबकारी विभाग द्वारा वहां 150 लीटर अवैध शराब और नौ हजार किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया है। अवैध शराब पैकिंग करने के साजो-सामान सहित बड़ी मात्रा में पाउच और पॉलीथिन में भरा शराब भी बरामद किया गया है।

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि कसडोल वृत्त के गश्ती दल ने आज जांजगीर-चांपा जिले की सरहद से लगे महानदी और जोंक नदी की सीमा पर छापामार शैली में कार्रवाई की। गश्ती दल ने अवैध कारोबार से जुड़े संदिग्ध स्थान घटमड़वा और हसुवा बलौदा सबरिया डेरा में 150 लीटर अवैध हाथभट्ठी शराब और नौ हजार किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया है। दल को पॉलीथिन और प्लास्टिक पाउच में भरा शराब भी मिला है। महानदी से लगभग 200 मीटर दूर नहर के जरिए पानी ले जाकर इसका इस्तेमाल अवैध शराब बनाने में किया जा रहा था। शराब पैक करने के औजार और सामग्री भी टीम ने बरामद की है।

## सर्चिंग पर निकले वनरक्षक पर तीर से हमला, गंभीर हालत में रायपुर रेफर

### अवैध शिकारी फरार



महासमुंद (आरएनएस)। पिथौरा के बार अभयारण्य में सर्चिंग पर निकले वन विभाग के कर्मचारियों पर आज अज्ञात लोगों ने तीर कमान से हमला कर दिया. हमले में वन रक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया. अन्य साथियों ने उन्हें तत्काल पिथौरा सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया. जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया।

पुलिस ने बताया कि बार अभयारण्य में दोपहर वन अमला के वन रक्षक यागेशवर प्रसाद व वन चौकीदार राम चौहान जंगल के भीतर पैदल गस्त कर रहे थे. जंगली जानवरों के शिकार के लिए कुछ लोग पहले से मौजूद थे. वन हमले ने पूछताछ के लिए उनके पास पहुंचे तो भागने लगे, जब पीछा किया तो तीर से हमला कर दिया, जो वन रक्षक के पीठ पर जाकर लगी. लहूलुहान हालत में वन रक्षक को बार अभयारण्य से सीधा पिथौरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने बताया कि बार अभयारण्य के कक्ष क्रमांक 123 चरौदा के पास की घटना है. तीर चलाने के बाद अज्ञात लोग वहां से फरार हो गए हैं. वन विभाग के सर्चिंग दल सहित बया पुलिस खोजबिन कर रही है। पुलिस ने बताया कि वनरक्षक योगेश्वर सोनवानी को शिकारियों ने तीर धनुष से चरौदा बीट में शिकारी को पकड़ने चाकीदार रामजी चौहान के साथ पीछा किया. आरोपी लगभग आधा किमी भाग कर साजा झाड़ के पास छिप गया और वनरक्षक पर तीर चला दिया. तीर वनरक्षक सोनवानी के कमर के पास लगी. हमले के बद वनरक्षक ने चौकीदार राम को तीर मारने की जानकारी दी. तत्काल बार से जीप्सी मंगाकर शासकीय अस्पताल पिथौरा लाया गया.

## सड़क हादसे में छात्रा सहित दो घायल

कोरबा (आरएनएस)। दर्री व उरगा क्षेत्र में घटित सड़क हादसे में एक स्कूली छात्रा सहित दो लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना अंतर्गत ग्राम बरेडीमुड़ा निवासी रूप सिंह कंवर की 12 वर्षीय पुत्री कु. प्रीना कंवर शासकीय हाईस्कूल गोपालपुर में कक्षा 7वीं की छात्रा है। स्कूल से घर लौटते समय चार पहिया वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित भाग निकला। छात्रा को गंभीर रूप से चोट आई है। इसी तरह उरगा थाना अंतर्गत सरगबुंदिया मार्ग पर स्कार्पियो क्रमांक सीजी-04एलआर-1447 के चालक ने बेलगहनी चौक चांपा निवासी गिरजा बाई पति बबलूराम साहू 60 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया।

## बस्तर के 70 हजार उपभोक्ताओं को नहीं मिलेगी बिजली बिल में छूट



जगदलपुर (आरएनएस)। जिन उपभोक्ताओं का बिजली का उपभोग 400 यूनिट तक सीमित है, ऐसे सभी घरेलू कनेक्शन वाले सभी वर्ग के बिजली के बिल में आधे की छूट के साथ राहत मिलने लगेगी। जानकारी के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के चार सौ यूनिट से ऊपर जितनी भी खपत होगी उन पर पहले से निर्धारित दरों के अनुसार बिल का भुगतान करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि 30 मार्च की स्थिति में बस्तर जिले के घरेलू कनेक्शन वाले 70 हजार उपभोक्ताओं पर 5 करोड़ 6 लाख रुपए बिलों की राशि बकाया है। बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं को इस योजना से राहत नहीं मिलेगी। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ऐसे उपभोक्ताओं को छूट तो नहीं प्राप्त होगी वरन विद्युत वितरण कंपनी उनके बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगी।

इस संबंध में यह विशेष तथ्य है कि बिजली बिल हाफ की छूट लेना इतना आसान नहीं रहेगा।

## महुआ एकत्र करने जंगल में लगायी गयी आग से हो रही भारी क्षति



जगदलपुर (आरएनएस)। गर्मी का मौसम आते ही ग्रामीण जंगलों में महुआ बीनना शुरू हो जाता है, लेकिन आश्चर्यजनक बात ये है कि ग्रामीण महुआ के फूलों को बीनने के चलते जंगलों में आग लगा रहे हैं, जिससे नगर सेना के जवानों के अलावा अन्य सुरक्षा बलों के जवानों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। पखवाड़े भर में 6 जगहों पर ऐसे ही आगजनी के मामले देखने को मिले, जहां जवानों ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया।

आगजनी के मामले में नगर सेना सेनानी एस मार्बल ने बताया कि अब तक आगजनी के 6 मामले देखने को मिले हैं, जिसमें सबसे पहले 11 मार्च को मारेंगा के डोंगरीपारा काजू प्लाट में आगजनी, 14 मार्च को मनीराम व मंगतूराम के ग्राम छोटे परदा के पैरावट, 18 मार्च को बस्तर परिवहन संघ के सामने जंगल, 19 मार्च को करणपुर सीआरपीएफ कैंप के सामने जंगल, वहीं 4 दिन पहले कुरंदी के एक प्लाईवुड फैक्ट्री में आगजनी के अलावा आज गीदम रोड स्थित पांचवी बटालियन के पीछे सागौन के जंगल में आगजनी हुई।

मार्बल ने बताया कि जंगलों में आग लगने का कारण ग्रामीण महुआ बीनने के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं, जिससे जंगल में आग फैल जाती है, कई बार आगजनी जिन स्थानों पर होती है वहां फायर ब्रिगेड वाहन नहीं पहुंच पाता है।

## बेटे युग और वाइफ काजोल संग अजय देवगन का सुपरकूल अंदाज़



मुंबई। अजय देवगन द्दड्ड4 छ्द्दद्ठ को जब भी मौका मिलता है वो अपने परिवार के साथ पूरा वक्त गुजारते हैं। जैसा कि आप इन लेटेस्ट तस्वीरों में भी देख सकते हैं। दरअसल, अजय देवगन अपनी पत्नी काजोल चड्ढद्बश्च और बेटे युग संग मुंबई एयरपोर्ट पर नज़र आये।

इस दौरान की जो तस्वीरें सामने आयी हैं उनमें कई दिनों बाद अजय देवगन सुपरकूल अवतार में नज़र आ रहे हैं। इन तस्वीरों में उन्हें देखकर आप उनकी उम्र का अंदाज़ा बिल्कुल भी नहीं लगा सकते। हाल ही में अजय देवगन अपनी फ़िल्म टोटल धमाल के लिए चर्चा में रहे। इस फ़िल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी खूब धमाल मचाया। अजय देवगन की आने वाली फ़िल्मों में तानाजी समेत दे दे प्यार दे और तुर्रम खान जैसी फ़िल्में हैं। बहरहाल, फ़िल्मों के अलावा अजय देवगन अपने परिवार को भी पूरा समय देते हैं और अक्सर सपरिवार छुट्टियों पर जाते रहते हैं। अजय देवगन और काजोल की स्माइल बता रही है कि ये किसी ख़ास मौके के लिए कहीं यात्रा पर निकल रहे हैं। अजय देवगन-काजोल के दो बच्चे हैं। इस तस्वीर में आप उनके बेटे युग को देख सकते हैं। आप देख सकते हैं इस दौरान युग भी कितने क्यूट लग रहे हैं!

बता दें कि अजय-काजोल की बेटी नीसा विदेश में पढ़ाई करती हैं और वो भी अक्सर सुर्ख़ियों में बनी रहती हैं।